# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: aff@shekhauni.ac.in

## प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 30.03.2026 का कार्यवाही विवरण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रबंध बोर्ड की 28वीं बैठक दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 11:15 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय | कुलगुरू महोदय | अध्यक्ष |
| 2. | विक्रम सिंह (T.O. Sikar) | वित्त विभाग, राजस्थान | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर अरविन्द कुमार अग्रवाल | माननीय राज्यपाल द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | डॉ. रश्मि जैन | माननीय राज्यपाल द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5. | प्रो (डॉ.) राजेन्द्र सिंह | राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 6. | डॉ. आशा मिश्रा | राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7. | डॉ. अरविन्द पारीक | राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 8. | डॉ. रिछपाल सिंह | राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि | सदस्य |
| 9. | डॉ. मंजू लाड़ला | संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 10. | डॉ. मनोज | संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 11. | श्रीमती श्वेता यादव | कुलसचिव | सदस्य सचिव |

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व कुलगुरू महोदय ने सभी आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया और प्रबंध बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत विशेष मद (Agenda) पर विचार विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

**Item Agenda (मद) संख्या 1:–** विश्वविद्यालय में आयोजित प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 23.03.2026 के Item Agenda (मद) संख्या 1(ख) के निर्णयानुसार वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनांक 16.06.2025 के कार्यवृत (सभी संलग्नकों सहित) के अनुमोदन का प्रस्ताव।

**निर्णय:–** वित्त समिति की बैठक 16.06.2025 के कार्यवृत्त का तथ्य पूर्वोत्तर (*Ex-Post-Facto*) पोस्ट फेक्टो अनुमोदन बिन्दुओं के अध्यधीन किया गया।

1. समिति की सर्वसम्मति से सभी सदस्यों द्वारा अप्रेल माह तक वित्त समिति की बैठक बुलाकर आगामी सत्र 2026–27 का बजट तैयार करवाएं तथा उक्त बजट को अनुमोदन हेतु तत्समय प्रबंध मण्डल में रखें।
2. विश्वविद्यालय के संसाधनों का भौतिक सत्यापन करवाने हेतु एक समिति का गठन करवाकर स्थाई स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज करवाएं तथा कोई भी वस्तु के मूवमेंट/रिप्लेस का इन्द्राज मूवमेंट रजिस्टर में सुनिश्चित हों।
3. प्रिन्ट एवं ई–बुक को एक ही मद में माना जाकर आगामी बजट में उक्त पर हुआ व्यय प्रस्तुत करें।

4. विश्वविद्यालय में सोलर सिस्टम स्थापित करने हेतु प्रबंध मण्डल की आगामी बैठक में प्रस्ताव रखा जाए।
5. तकनीकी समितियों में अस्थाई शिक्षकों/कर्मचारियों को नही रखा जावे।
6. डॉ. मंजू लाड़ला, संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय को वित्त समिति में प्रबंध मण्डल के सदस्य के तौर पर सदस्य हेतु अनुमोदन किया गया।
7. किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता यदि ऑडिट समिति के द्वारा दृष्टिगत होती है तो नियमानुसार संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करना सुनिश्चित किया जावे।
8. चूंकि विश्वविद्यालय में स्थाई अधिकारी/शिक्षक नहीं है, जिसको ध्यान में रखते हुए बाह्य सदस्यों/विशेषज्ञों को समितियों में रखा जा सकता है।
9. अपरिहार्य कारणों को छोड़कर ऑनलाइन बैठकों से बचा जावे।

अंत में, सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव